# प्रेस नोट

## थाना मऊरानीपुर,जनपद झाँसी

**दिनांक 03.09.2026**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा 01 वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 03.09.2026 को थाना मऊरानीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 364/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त **दीपचन्द्र पुत्र हरीराम आदिवासी, निवासी ग्राम खितवास, थाना महरौनी, जनपद ललितपुर, उम्र करीब 20 वर्ष** को मुखबिर की सूचना पर **मेला ग्राउण्ड के पास स्थित शेड के नीचे से गिरफ्तार** किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए **न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

दीपचन्द्र पुत्र हरीराम आदिवासी उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी- ग्राम खितवास, थाना महरौनी, जनपद- ललितपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

1. उ0नि0 श्री कौशल कुमार
2. का0 विश्वेन्द्र कुमार
3. म0का0 कृतिका